**BSEH Practice Paper (March 2024)**

**CLASS-12th (Sr. Secondary)** **Code: A**

**Roll No._______________**

# ACCOUNTANCY

# लेखांकन

**[Hindi and English medium]**

**Time Allowed: 3 hours** **Maximum Marks: 60**

---

NOTE:

- कृपया सुनिश्चित करें कि इस प्रश्न पत्र में 14 पृष्ठ तथा 30 प्रश्न मुद्रित हैं।
  Please make sure that the question paper consists 14 pages and 30 questions printed in it.
- प्रश्न पत्र में दाईं ओर दिए गए कोड नंबर को छात्र द्वारा उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर लिखा जाना चाहिए।
  The code number on the right side of question paper should be written by the candidate on the front page of the answer sheet.
- किसी प्रश्न का उत्तर देने से पहले उसका क्रमांक लिखना होगा।
  Before answering a question, must write its serial number.
- एक प्रश्न के सभी भागों को एक साथ हल करें।
  Attempt all parts of a question together.
- अपनी उत्तर पुस्तिका में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।
  Don't leave blank page/pages in your answer book.
- उत्तर पुस्तिका के अतिरिक्त अन्य कोई शीट नहीं दी जाएगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें व लिखे उत्तर को न काटें।
  Except the answer booklet, no extra sheet will be provided. Write to the point and do not strike the written answer.
- परीक्षार्थी अपना रोल नंबर प्रश्न पत्र पर अवश्य लिखें।
  Candidates must write their roll numbers on the question paper.
- कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ये सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
  Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and the complete question paper. No complaint in this regard, will be entertained after examination.

***General Instructions:***

1. *This question paper comprises **two** Parts – **A** and **B**. There are **30** questions*



Downloaded from cclchapter.com

*in thequestion paper. **All** questions are compulsory.*

2. ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*
3. ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerized Accounting. You have to attempt only **one** of the given options.*
4. *Question nos. **1** to **10 and 23 – 27 are** very short answer type questions carrying **1** mark each.*
5. *Question nos. **11 - 15**and **28** are questions carrying 2 marks each.*
6. *Question nos. **16** to **20** and **29** are questions carrying 3 markseach.*
7. *Question nos. **21**, **22** and **30** are questions carrying **5** marks each.*
8. *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of two marks, **2** questions of three marks and **all** questions of Five marks.*

*सामान्य निर्देश:*

1. *इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं - ए और बी। प्रश्न पत्र में 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *भाग ए सभी उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है।*
3. *भाग बी में दो विकल्प हैं अर्थात (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (2) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन। आपको दिए गए विकल्पों में से केवल एक को हल करना है।*
4. *प्रश्न संख्या 1 से 10 और 23 से 27 वैकल्पिक प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है ।*
5. *प्रश्न संख्या 11 से 15 और 28 अति लघु उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।*
6. *प्रश्न संख्या 16 से 20 और 29 लघु उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक के लिए 3 अंकों निर्धारित है।*
7. *प्रश्न संख्या 21, 22 और 30 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।*


Downloaded from cclchapter.com

*8. समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं है। हालाँकि, दो अंकों के 2 प्रश्नों में, तीन अंकों के 2 प्रश्नों में और पाँच अंकों के सभी प्रश्नों में एक आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है।*

## Part- A

## भाग-अ

### (Accounting for Partnership firms and Companies)

### (साझेदारी फर्मों और कंपनियों के लिए लेखांकन)

1. The relation of partner with the firm is that of : 1
(A) An Owner space (B) An Agent (C) An owner and agent (D) manager

साझेदार का फार्म से सम्बन्ध होता है:

(अ)स्वामी का (ब) एजेंट का (स) स्वामी और एजेंट का (द) प्रबंधक का

2. A, B and C are partner sharing profits In the ratio of 4:2:1. if the new ratio of B & C is 3:1 on the retirement of A, then what will be the gaining ratio? 1
(A) 3:13 (B) 13:3 (C) 3:1 (D) 12:5

अ, ब और स 4:2:1 के अनुपात में लाभ बांटते हुए साझेदार है, यदि अ के अवकाश ग्रहण करने पर ब ओर स का नया अनुपात 3:1 है तो लाभ प्राप्ति अनुपात क्या होगा?

(अ)3:13 (ब) 13:3 (स) 3:1 (द) 12:5

3. When new partner brings goodwill in cash it is credited to: 1
(A) His capital A/C
(B) Sacrificing partner’s capital A/C
(C) Old partner’s capital A/C
(D) All partner’s capital A/C

जब नया साझेदार ख्याति की राशि नकद लाता है तो इसे क्रेडिट किया जाएगा:

(अ)उसके पूंजी खाते में

(ब) त्याग करने वाले साझेदार के पूंजी खाते में

(स) पुराने साझेदारों के पूंजी खाते में

(द) सभी साझेदारों के पूंजी खातों में



Downloaded from cclchapter.com

4. Partnership is formed by _________. 1

साझेदारी का निर्माण ______ द्वारा होता है |

5. In which condition a partnership firm is deemed to be dissolved? 1

(A) On a partner's admission

(B) On retirement of a partner

(C) On expiry of the period of partnership

(D) On loss in partnership

साझेदारी फार्म का समापन किस दशा में माना जाता है?

(अ)साझेदार का प्रवेश होने पर

(ब) किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर

(स) साझेदारी की अवधि समाप्त होने पर

(द) साझेदारी में हानि होने पर

6. Assertion (A): Loan from partner is not transferred to realization account 1

Reason (R) : Loan from partners is not an external liability. It is paid before the payment of partners' capital.

(A) Both (A) and (R) is true, but (R) is not a true explanation of Assertion (A)
(B) Both (A) and (R) is true, and (R) is a true explanation of Assertion (A)
(C) Both (A) and (R) are false
(D) (A) is false, but (R) is true

Assertion (A): साझेदार से ऋण को वसूली खाते में हस्तांतरित नहीं किया जाता है |

Reason (R): साझेदार से ऋण एक बाह्य दायित्व नहीं है | इसे साझेदारो की पूंजी के भुगतान से पहले भुगतान किया जाता है |

(अ)दोनों (A) तथा (R) सत्य है, परन्तु (R) विवरण (A) की सही व्याख्या नहीं है |

(ब) दोनों (A) तथा (R) सत्य है, और (R) विवरण (A) की सही व्याख्या है |

(स) दोनों (A) तथा (R) असत्य है |

(द) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है |

7. On the death of a partner, the amount due to him will be credited to? 1



Downloaded from cclchapter.com

किसी साझेदार की मृत्यु होने पर उसकी देय पूरी राशि किसके खाते में क्रेडिट की जाएगी?

8. Assertion (A): A company has a perpetual succession. 1
Reason (R) : The bankruptcy or death of any shareholder does not affect the existence of the company.
(A) Both (A) and (R) is true, but (R) is not a true explanation of Assertion (A)
(B) Both (A) and (R) is true, and (R) is a true explanation of Assertion (A)
(C) Both (A) and (R) are false
(D) (A) is false, but (R) is true

Assertion (A): एक कंपनी का निरंतर अस्तित्व (perpetual succession) होता है |

Reason (R): किसी अंश धारी के दिवालिया होने अथवा मृत्यु से कंपनी के अस्तित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है |

(अ) दोनों (A) तथा (R) सत्य है, परन्तु (R) विवरण (A) की सही व्याख्या नहीं है |

(ब) दोनों (A) तथा (R) सत्य है, और (R) विवरण (A) की सही व्याख्या है |

(स) दोनों (A) तथा (R) असत्य है |

(द) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है |

9. Which capital is not shown in the Balance Sheet? 1
कौन सी पूंजी स्थिति विवरण में नहीं दिखाई जाती है?

10. Interest paid on debentures is ____ expenditure. 1
ऋण पत्रों पर दिया गया ब्याज ____ व्यय होता है |

11. Give any two points of distinction between a share and a debenture. 2
अंशो व ऋणपत्रों में कोई दो अंतर लिखिए |

12. The partners of a firm A, B and C distributed the profits for the year ended 31st march 2023, ₹. 80,000 in the ratio 3:3:2 without providing for the following adjustment: 2
(a) A and C were entitled to a salary of ₹ 1500 each p.m.
(b) B was entitled for a salary of ₹ 4000 p.a.

pass necessary journal entry for the above adjustment in the books of the firm, show working clearly.

एक फर्म के साझेदारो A, B और C के द्वारा 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए बिना निम्नलिखित समायोजन किए ₹80,000 के लाभ को 3:3:2 के अनुपात में बांटा गया:

(अ) A और C ₹1500 प्रति माह वेतन पाने के हक़दार थे |

(ब) B ₹4000 प्रति वर्ष वेतन पाने का हकदार था |



Downloaded from cclchapter.com

फर्म की पुस्तकों में उपरोक्त समायोजन के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टि दर्ज करें, स्पष्ट रूप से कार्य विवरण दिखाएं।

**OR अथवा**

Write the two differences between fixed capital account and fluctuating capital account.

स्थाई पूंजी खाते और चालू पूंजी खाते में दो अंतर लिखिए |

13. Average profit of the last few years are ₹ 80000 and the normal rate return in a similar business is 10%. If the goodwill of the firm is ₹ 1,00,000 at 4 year's purchase of super profit, find the capital employed by the firm. 2

पिछले कुछ वर्षों का औसत लाभ ₹80000 है और समान व्यवसाय में सामान्य दर रिटर्न 10% है। यदि 4 वर्ष के अधिलाभ की खरीद पर फर्म की ख्याति ₹ 1,00,000 है, तो फर्म द्वारा नियोजित पूंजी ज्ञात कीजिए।

**OR अथवा**

Explain two characteristics of Goodwill.

ख्याति की दो विशेषताओं का वर्णन करें |

14. A and B are partners sharing profits in the ratio of 3:2. They admitted C in to the firm for $3/7^{th}$ profit, which he takes 2/7th from A and $1/7^{th}$ from B. C brings ₹ 60000 for his share of goodwill and ₹ 2,00,000 for his capital.

Give necessary Journal entries. Also calculate new profit-sharing ratio. 2

A और B, 3:2 के अनुपात में लाभ बाँटने वाले साझेदार हैं। उन्होंने C को 3/7 लाभ के लिए फर्म में शामिल किया, जिसका वह A से 2/7 और B से 1/7 भाग लेता है। C अपने हिस्से की ख्याति के लिए ₹ 60000 और अपनी पूंजी के लिए ₹ 2,00,000 लाता है।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ करे। नए लाभ विभाजन अनुपात की भी गणना करें।

15. Name four item which are credited to the account of a deceased partner while calculating the amount due to his legal representatives. 2

उन चार मदों का नाम लिखिए जो मृतक साझेदार के उत्तराधिकारियों को देय राशि की गणना करने के लिए उसके खाते में क्रेडिट की जाती है |

16. Pass the necessary journal entries in the following condition:

400 shares of ₹ 10, on which ₹ 8 has been called and ₹ 6 has been paid are forfeited. Out of these, 300 share are re-issue for ₹ 7 as fully paid. 3

निम्नलिखित स्थिति में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ पारित करें:

₹ 10 के 400 शेयर, जिस पर ₹ 8 मांगे गए हैं और ₹ 6 का भुगतान किया गया है, जब्त कर लिए गए है। इनमें से 300 शेयर पूर्ण भुगतान के रूप में ₹ 7 पर पुनः जारी किए गए हैं।



Downloaded from cclchapter.com

17. Pass journal entries on the dissolution of a partnership firm in the following case: 3

(i) Dissolution expenses were ₹ 1000.

(ii) Dissolution expenses ₹ 1000 were paid by Shyam, a partner.

(iii) Realisation expenses amounted to ₹ 1000 were paid by the firm on behalf of a partner.

निम्नलिखित परिस्थितियों में साझेदारी फर्म के विघटन पर जर्नल प्रविष्टियाँ पारित करें:

(i) विघटन व्यय ₹ 1000 थे।

(ii) विघटन व्यय ₹ 1000 का भुगतान एक साझेदार श्याम द्वारा किया गया था।

(iii) एक साझेदार की ओर से फर्म द्वारा ₹ 1000 की वसूली व्यय का भुगतान किया गया था |

18. R limited took over assets of ₹ 560000 and creditors of ₹ 80,000 from S limited. R limited issues 8% debenture of ₹ 20 each at a premium of 20% as purchase consideration, to S limited.
Calculate the amount of purchase consideration, number of debentures issued by R limited and pass the necessary journal entries in the books of R limited from the above mentioned information. 3

आर लिमिटेड ने एस लिमिटेड से ₹ 560000 मूल्य की संपत्तियां व ₹ 80000 के लेनदार लिए| आर लिमिटेड ने एस लिमिटेड को 8% ऋणपत्र ₹ 20 वाले 20% प्रीमियम पर क्रय मूल्य के रूप में निर्गमित किए | उपरोक्त सूचनाओ से क्रय मूल्य की राशि तथा आर लिमिटेड द्वारा निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या निकाले व आर लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए |

19. A and B are sharing profits and losses in the ratio of 2:1 with capitals of ₹ 1000000 and ₹ 500000 respectively on the n 1st April, 2019. Each partner is entitled to 8% per annum interest on his capital. B is entitled to a salary of ₹ 3500 per month together with a commission of 10% of net profit remaining after deducting interest on capital and salary and after charging his commission. The profit for the year ended 31st March 2020 prior to calculation of interest on capital but after charging salary of B amounted to ₹ 450000. show the division of profit, prepare profit and loss appropriation account. 3

अ और ब साझेदार है जो लाभों को 2:1 के अनुपात में बांटते है और 1 अप्रैल 2019 को उनकी पूंजी क्रमशः ₹10,00,000 और ₹5,00,000 है | प्रत्येक साझेदार अपनी पूंजी पर 8% वार्षिक ब्याज पाने का अधिकारी है| ब ₹3500 मासिक वेतन तथा लाभों में से पूंजियों पर ब्याज एवं वेतन एवं उसका कमीशन घटाने के पश्चात के लाभों का 10% कमीशन पाने का अधिकारी हैं | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लाभ, पूंजी पर ब्याज लगाने के पूर्व किंतु ब का वेतन लगाने के बाद ₹4,50,000 थे| लाभों का विभाजन कीजिये, लाभ हानि समायोजन खाता बनाएँ |

**OR अथवा**

Mention any three provisions of the partnership Act, in the absence of partnership deed.

साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में लागू होने वाले साझेदारी अधिनियम की किन्ही तीन व्यवस्थाओं का उल्लेख कीजिए |



Downloaded from cclchapter.com

20. A, B and C are partners sharing profit in the ratio of 2:2:1. A retires and after all adjustment relating to revaluation, goodwill and accumulated profits the capital account of B showed a credit balance of ₹ 1,40,000 and that of C ₹ 1,00,000. It was decided to adjust the capital of B and C in their profit-sharing ratio. Calculate the new capitals of the partners and record necessary entry for bringing in or withdrawing cash. 3

A, B और C 2:2:1 के अनुपात में लाभ बाँटने वाले साझेदार हैं। A सेवानिवृत्त होता है और पुनर्मूल्यांकन, ख्याति और संचित लाभ से संबंधित सभी समायोजन के बाद B के पूंजी खाते में ₹ 1,40,000 और C के ₹ 1,00,000 का क्रेडिट शेष दिखाया गया है। B और C की पूंजी को उनके लाभ साझाकरण अनुपात में समायोजित करने का निर्णय लिया गया। साझेदारों की नई पूंजी की गणना करें और नकदी लाने या निकालने के लिए आवश्यक प्रविष्टि दर्ज करें।

21. Ishu and Vishu are partners sharing profits in the ratio of 3:2. Their Balance sheet as at 31st March 2018 was as follows: 5

Balance sheet

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 66000 | Cash at bank | 87000 |
| General Reserve | 9000 | Debtors 42000 | |
| Investment Fluctuation | 5000 | Less : provision | |
| fund | | For doubtful debts 7000 | 35000 |
| Capitals: | | Investment (market price | |
| Ishu | 231000 | 19000) | 21000 |
| 119000 | | Buildings | 98000 |
| Vishu | | Plant & Machinery | 70000 |
| 112000 | 311000 | | 311000 |

Nishu was admitted on 1st April, 2018 for 1/6th share on the following terms:

(i) Nishu will bring ₹ 56000 as his share of capital.
(ii) Goodwill of the firm is valued at ₹ 84000 and Nishu will bring his share of goodwill in cash.
(iii) Plant and Machinery be appreciated by 20%.
(iv) All debtors are good.
(v) There is a liability of ₹ 9800 included in creditors that is not likely to arise.
(vi) Capital of Ishu and Vishu will be adjusted on basis of Nishu's capital and any excess or deficiency will be made by withdrawing or bringing in cash by the concerned partner.
Prepare the Revaluation Account, Partners' Capital Account and Balance Sheet of the firm after the above adjustment.



Downloaded from cclchapter.com

इशु और विशु 3:2 के अनुपात में लाभ बाँटने वाले साझेदार हैं। 31 मार्च 2018 को उनकी बैलेंस शीट इस प्रकार थी:

तुलन पत्र

| दायित्व | | ₹ | सम्पत्ति | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 66000 | बैंक में रोकड़ | | 87000 |
| सामन्य संचय | | 9000 | देनदार | 42000 | |
| निवेश उतार-चढ़ाव निधि | | 5000 | घटा : संदिग्ध ऋणों | | |
| पूंजी: | | | के लिए प्रावधान | 7000 | 35000 |
| इशु | 119000 | | | | |
| विशु | 112000 | 231000 | निवेश (बाजार मूल्य 19000) | | 21000 |
| | | | भवन | | 98000 |
| | | | प्लांट और मशीन | | 70000 |
| | | 311000 | | | 311000 |

निशु को 1 अप्रैल, 2018 को निम्नलिखित शर्तों पर 1/6वें हिस्से के लिए भर्ती किया गया था:

(i) निशु अपने हिस्से की पूंजी के रूप में ₹ 56000 लाएगा।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 84000 है और निशु अपने हिस्से की ख्याति नकद में लाएगा।

(iii) संयंत्र और मशीनरी की बढ़ोतरी 20% की जाएगी।

(iv) सभी देनदार अच्छे हैं।

(v) लेनदारों में ₹ 9800 की देनदारी शामिल है जिसके उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।

(vi) इशु और विशु की पूंजी को निशु की पूंजी के आधार पर समायोजित किया जाएगा और कोई भी अतिरिक्त या कमी संबंधित साझेदार द्वारा नकदी निकालकर या लाकर की जाएगी।

उपरोक्त समायोजन के बाद फर्म का पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों का पूंजी खाता और बैलेंस शीट तैयार करें |

**OR अथवा**

Why are the assets and liabilities revalued on the admission of a partner? with the help of imaginary figure prepare a revaluation account.

एक साझेदार के प्रवेश के समय संपत्तियो तथा दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है? काल्पनिक मदों की सहायता से पुनर्मूल्यांकन खाता बनायें |

22. Royal Ltd invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 25% payable with application. Applications for 4,50,000 shares were received. Applications for 1,00,000 share were



Downloaded from cclchapter.com

rejected and money refunded. Pro-rata allotment was made to the remaining applicants. The amount per share was payable as follows:

On Application : ₹ 4 per share including premium

On Allotment : ₹ 3.50 per share

Balance on first and final call.

Excess application money received with applications was adjusted with some due on allotment.

Application money in excess of some due on allotment, if any, was refunded. Raghu who had applied for 7000 shares failed to pay allotment money. His share were forfeited immediately after allotment. Afterwards the first and final poll was made.

Nandan, who had applied for 10,500 share, failed to pay the first and final call. His share were also forfeited. All the forfeited share were reissued at ₹ 11 .50 per share fully paid up, to Meeta.

Passs journal entries for the above transactions in the books of Royal Limited by opening call-in-arrears account. 5

रॉयल लिमिटेड ने आवेदन के साथ देय 25% प्रीमियम पर ₹10 के 2,00,000 इक्विटी शेयर जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। 4,50,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 1,00,000 शेयर के लिए आवेदन खारिज कर दिए गए और पैसा वापस कर दिया गया। शेष आवेदकों को यथानुपात आवंटन किया गया। प्रति शेयर राशि निम्नानुसार देय थी:

आवेदन पर: प्रीमियम सहित ₹4 प्रति शेयर

आवंटन पर: ₹3.50 प्रति शेयर

बकाया राशि पहली और अंतिम कॉल पर

आवेदनों के साथ प्राप्त अतिरिक्त आवेदन राशि को आवंटन पर देय कुछ राशि के साथ समायोजित किया गया था।

आवंटन पर देय कुछ राशि से अधिक आवेदन राशि, यदि कोई हो, वापस कर दी गई थी। रघु, जिसने 7000 शेयरों के लिए आवेदन किया था, आवंटन राशि का भुगतान करने में विफल रहा। आवंटन के तुरंत बाद उनका हिस्सा जब्त कर लिया गया। इसके बाद पहली और अंतिम याचना मांगी गई।

नंदन, जिसने 10,500 शेयर के लिए आवेदन किया था, पहली और अंतिम याचना का भुगतान करने में विफल रहा। उसका हिस्सा भी जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सभी शेयर ₹11.50 प्रति शेयर पूर्ण भुगतान पर मीता को फिर से जारी कर दिए गए।

कॉल-इन-एरियर खाता खोलकर रॉयल लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेन के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ पास करें |

**OR अथवा**

According to Section 52(2) of the Companies Act 2013, for what purposes the amount of security premium can be used only?

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 52(2) के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम की राशि का प्रयोग किन उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है?



Downloaded from cclchapter.com

## Part – B
### भाग-ब
### (Analysis of Financial statements)
### वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

23. Give any one limitation of financial statements. 1

वित्तीय विवरणों की कोई एक सीमा दीजिये |

24. The Balance sheet provides information about financial position of an enterprise: 1

(A) Over a period of time (B) During a period of time

(C) For a period of time (D) At a point of time

स्थिति विवरण संस्था की वित्तीय स्थिति के विषय में सूचना प्रदान करता है:

(अ) समय-अवधि के पश्चात् (ब) समय-अवधि के दौरान

(स) समय-अवधि के लिए (द) निश्चित समय पर

25. Under which activities is the sale of non-current investments shown? 1

गैर चालू विनियोगो के विक्रय को कौन सी क्रियाओं के अंतर्गत दिखाते है ?

26. Assertion(A): A ratio of 2:1 is considered the ideal running ratio.
Reason(R) : A quick ratio of 1:1 is considered the ideal quick ratio. 1

(A) Both (A) and (R) is true, but (R) is not a true explanation of Assertion (A)
(B) Both (A) and (R) is true, and (R) is a true explanation of Assertion (A)
(C) Both (A) and (R) are false
(D) (A) is false, but (R) is true

Assertion (A): 2:1 के अनुपात को आदर्श चालू अनुपात माना जाता है |

Reason(R) : 1:1 के शीघ्र अनुपात को आदर्श शीघ्र अनुपात माना जाता है|

(अ) दोनों (A) तथा (R) सत्य है, परन्तु (R) विवरण (A) की सही व्याख्या नहीं है |

(ब) दोनों (A) तथा (R) सत्य है, और (R) विवरण (A) की सही व्याख्या है |

(स) दोनों (A) तथा (R) असत्य है |



Downloaded from cclchapter.com

(द) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है |

27. Return on Investment विनियोग पर लाभ दर = net profit before interest and tax X 100 1

.......................................

28. Write to characteristics of financial statement. 2

वित्तीय विवरणों की दो विशेषताएं लिखिए |

29. Net profit after interest and tax ₹ 100000, Current assets ₹ 400000, Current liabilities ₹ 200000, Tax rate 20%, Non-current Assets ₹ 600000, 10% Long term debts ₹ 400000.
Calculate Return on Investment. 3

ब्याज और कर के बाद शुद्ध लाभ ₹ 100000, चालू संपत्ति ₹ 400000, चालू देनदारियां ₹ 200000, कर की दर 20%, गैर-चालू संपत्ति ₹ 600000, 10% दीर्घकालिक ऋण ₹ 400000।

निवेश पर रिटर्न की गणना करें |

**OR अथवा**

Write three differences between current ratio and quick ratio.

चालू अनुपात और शीघ्र अनुपात के बीच तीन अंतर लिखिए |

30. Charles Limited made a profit of ₹ 1,00,000 after charging depreciation of ₹ 20,000 on assets and a transfer to General Reserve of ₹ 30,000. The goodwill return off was ₹ 7000 and the gain on sale of machinery was ₹ 3000. The other information available to you (changes in the value of current assets and current liabilities) is as follows:
At the end of the year trade receivables showed an increase of ₹ 6000, trade payables an increase of ₹ 10000, prepaid expenses an increase of ₹ 200 and outstanding expenses a decrease of ₹ 2000. Ascertain the cash flow from the operating activities. 5

चार्ल्स लिमिटेड ने संपत्ति पर ₹ 20,000 का मूल्यह्रास और ₹ 30,000 का जनरल रिजर्व में स्थानांतरण करने के बाद ₹ 1,00,000 का लाभ कमाया। ख्याति वापसी ₹ 7000 थी और मशीनरी की बिक्री पर लाभ ₹ 3000 था। आपके लिए उपलब्ध अन्य जानकारी (वर्तमान परिसंपत्तियों और वर्तमान देनदारियों के मूल्य में परिवर्तन) इस प्रकार है:

वर्ष के अंत में व्यापार प्राप्य में ₹ 6000 की वृद्धि, व्यापार देय में ₹ 10000 की वृद्धि, अग्रिम व्यय में ₹ 200 की वृद्धि और बकाया व्यय में ₹ 2000 की कमी देखी गई। परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह का पता लगाएं।

**OR अथवा**

Write any five uses of preparing cash flow statement.



Downloaded from cclchapter.com

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के कोई पांच उपयोग लिखिए |

## Part – B
## (Computerised Accounting)

23. what is computerised accounting? 1

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन क्या है ?

24. Tables must have at least _____ columns. 1

तालिकाओ में कम से कम _____ स्तम्भ होना आवश्यक है |

25. What are the features of computerized accounting? 1

(A) storing data (B) generate quick reports

(C) group of different accounts (D) All of the above

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन की क्या विशेषताए है ?

(अ)डाटा को स्टोर करना (ब) जल्दी रिपोर्ट तैयार करना

(स) विभिन्न खातों का समूह (द) उपरोक्त सभी

26. What is the formula to store the values of cells A1, A2, A3? 1

(A) Sum= (A1+A2+A3) (B) Sum (A1,A2,A3)

(C) =Sum (A1 : A3) (D) none of these

A1,A2,A3 सेल के वैल्यू को जमा करने का सूत्र क्या है ?

(अ) Sum= (A1+A2+A3) (ब) Sum (A1,A2,A3)

(स) =Sum (A1 : A3) (द) none of these

27. Data is : 1

(A) information (B) set of facts

(C) both (A) and(B) (D) none of these

डाटा है :

(अ)सूचना (ब) तथ्यों का समूह



Downloaded from cclchapter.com

(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमे से कोई नहीं

28. Name any four operating procedures used in computerized accounting. 2

कम्प्यूटरीकृत लेखांकन में प्रयोग होने वाले किन्ही चार संचालन प्रक्रियाओ के नाम लिखिए

|

29. Explain three functions of spreadsheet? 3

स्प्रेडशीट के तीन कार्यो का वर्णन कीजिए |

**OR अथवा**

Explain three components of MS-Access.

एमएस-एक्सेस के तीन घटकों की व्याख्या करें।

30. How does a spreadsheet differ from a grid? 5

स्प्रेडशीट ग्रिड से कैसे भिन्न है ?

**OR अथवा**

Describe the different ways of creating a report.

एक रिपोर्ट बनाने के विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए |



Downloaded from cclchapter.com